तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
25/07/25	पत्रावली पेश हुई। वादी वकील उपस्थित। वादी स्वयं उपस्थित। वादी ने प्रार्थना पत्र वास्ते निर्णय करने हेतु पेश कर निवेदन किया कि वादी एवं प्रतिवादीगण के आपस में राजीनामा हो चुका है। मैं उक्त प्रकरण को आज ही डिक्री करना चाहता हूँ। उक्त प्रकरण की पत्रावली में आज तारीख नियत है। इसलिए आज ही सुनवाई करते हुए निर्णय पारित किया जाना न्यायोचित है। अतः निवेदन है कि उक्त प्रकरण में आज ही सुनवाई करते हुए निर्णय पारित करने का कष्ट करावें। वादी के निवेदन पर पत्रावली में आवश्यक सुनवाई की गई। वादी ने पत्रावली वास्ते वाद डिक्री करने बाबत पेश कर निवेदन किया कि उक्त उनवान सदर का वाद में हमारे गांव के मौजिज लोगों ने आपसी समझाइश करके राजीनामा करवा दिया है। इसलिए हम उक्त प्रकरण को आगे नहीं चलाना चाहते हैं तथा उक्त रफास्त वाद को इसी स्टेज पर डिक्री करना चाहते हैं। अतः निवेदन है कि वाद डिक्री का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर डिक्री का आदेश फरमावें। वादी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर उक्त उनवान के प्रकरण की कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। संख्या से एक कम हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.08.02 15:31:50 IST
Reason: SelfAttested